डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

## प्रेस विज्ञप्ति

### साहित्य अकादेमी द्वारा नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2019 में किया जाएगा एक साथ 50 नई पुस्तकों का लोकार्पण

### मेले के दौरान साहित्य अकादेमी द्वारा आयोजित होंगे विभिन्न भारतीय भाषाओं में रचना–पाठ, आदिवासी लेखक सम्मिलन, नारी चेतना, पूर्वोत्तरी एवं बाल साहिती कार्यक्रम

### कमल किशोर गोयनका, बल्देव भाई शर्मा, मृदुला गर्ग, हरिराम मीणा, बलवीर माधोपुरी, मधु पंत, रफीक मसूदी आदि करेंगे विभिन्न कार्यक्रमों की अध्यक्षता

नई दिल्ली 4 जनवरी 2019। कल से शुरू हो रहे विश्व पुस्तक मेले में साहित्य अकादेमी द्वारा प्रकाशित 50 नई पुस्तकों का एक साथ लोकार्पण किया जाएगा। यह लोकार्पण कार्यक्रम प्रख्यात लेखक एवं केंद्रीय हिंदी शिक्षण मंडल, आगरा के उपाध्यक्ष कमल किशोर गोयनका द्वारा साहित्य अकादेमी के हाल सं. 8–11 स्टॉल नं. 89–93 पर किया जाएगा। उपर्युक्त जानकारी देते हुए साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि अकादेमी विश्व पुस्तक मेले के दौरान नारी चेतना, आदिवासी लेखक सम्मिलन, पूर्वोत्तरी एवं बाल साहिती कार्यक्रमों के अतिरिक्त पठन–पाठन की संस्कृति पर एक परिचर्चा भी आयोजित कर रही है। हिंदी कार्यक्रम हॉल नं. 12 में स्थित लेखक मंच तथा अंग्रेजी कार्यक्रम हाल नं. 11 स्थित ऑर्थर कॉर्नर में किए जाएँगे।

दिनांक 5 जनवरी 2019 को अपराह्न 1.30 बजे आयोजित किए जा रहे 'नारी चेतना' कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रख्यात लेखिका मृदुला गर्ग होंगी और इसमें विभिन्न भारतीय भाषाओं की लेखिकाएँ रचना–पाठ करेंगी।

6 जनवरी 2019 को सायं 5.00 बजे 'बहुभाषी रचना–पाठ' का आयोजन रखा गया है, जिसके अध्यक्ष होंगे प्रख्यात गुजराती कवि वासुदेव सुनानी और हिंदी, उर्दू, पंजाबी के रचनाकार अपनी रचनाएँ प्रस्तुत करेंगे। 8 जनवरी 2019 को सायं 5.00 बजे 'आदिवासी लेखक सम्मिलन' का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अध्यक्ष प्रख्यात लेखक एवं कवि हरिराम मीणा होंगे और इसमें बंजारा, भिलोरी एवं गोरबोली भाषाओं के रचनाकार अपनी रचनाएँ प्रस्तुत करेंगे।



Scanned by CamScanner

दिनांक 9 जनवरी 2019 को अपराह्न 2.00 बजे बाल मंडप में 'बाल साहिती' का आयोजन होगा, जिसकी अध्यक्ष वरिष्ठ बाल साहित्यकार मधु पंत होंगी और अन्य बाल साहित्यकार अपनी रचनाएँ प्रस्तुत करेंगे। इसी दिन सायं 5.30 बजे आयोजित हो रहे कार्यक्रम 'पूर्वोत्तरी' में असमिया, बोडो, लद्दाखी, मणिपुरी एवं न्यीशी भाषाओं के रचनाकार अपनी रचनाएँ प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात कश्मीरी लेखक रफ़ीक मसूदी करेंगे। 10 जनवरी 2019 को 'पठन–पाठन की संस्कृति' विषय पर एक परिचर्चा सायं 4.00 बजे रखी गई है। इसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार बल्देव भाई शर्मा करेंगे, जिसमें देश के कई प्रकाशक और लेखक भाग लेंगे। 11 जनवरी 2019 को आयोजित किए जा रहे 'बहुभाषी रचना–पाठ' में बाङ्ला, हिंदी, मणिपुरी, ओड़िया एवं सिंधी के रचनाकार अपनी रचनाएँ पढ़ेगे करेंगे। इसकी अध्यक्षता प्रख्यात पंजाबी लेखक बलवीर माधोपुरी करेंगे।

इस पुस्तक मेले में साहित्य अकादेमी द्वारा प्रकाशित हिंदी एवं अन्य भाषाओं की पुस्तकें हॉल नं. 8–11 के स्टॉल संख्या 88–93 में एवं अंग्रेजी पुस्तकें हॉल नं. 12ए, स्टॉल संख्या 122–123 में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी।

(के. श्रीनिवासराव)

NEW DELHI WORLD BOOK FAIR

# साहित्य अकादेमी

द्वारा

# नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2019

में आयोजित निम्नलिखित साहित्यिक कार्यक्रमों में

**आप सादर आमंत्रित हैं**

## 5-11 जनवरी 2019

**प्रगति मैदान, नई दिल्ली 110001**

## कार्यक्रम

### साहित्य अकादेमी से प्रकाशित 50 नई पुस्तकों का लोकार्पण : 5 जनवरी 2019, अपराह्न 12.30 बजे, हाल सं. 8-11

स्वागत : **के. श्रीनिवासराव**, *सचिव, साहित्य अकादेमी*

पुस्तक लोकार्पण : **कमल किशोर गोयनका**, *उपाध्यक्ष, कें.हिं.शि. मंडल, आगरा*

### नारी चेतना : 5 जनवरी 2019, अपराह्न 1.30 बजे, लेखक मंच, हाल सं. 12

अध्यक्षता : **मृदुला गर्ग**

रचना-पाठ : **जे. भाग्यलक्ष्मी**
**तरन्नुम रियाज़**
**सुकृता पॉल कुमार**
**पॉल कौर**

### साहित्य मंच : बहुभाषी रचना-पाठ : 6 जनवरी 2019, सायं 5.00 बजे, लेखक मंच, हाल सं. 12

अध्यक्षता : **बासुदेव सुनानी**

रचना-पाठ : **अशोक मिश्र** *(हिंदी)*
**सुशीला पुरी** *(हिंदी)*
**गुरप्रीत बोडेवाल** *(पंजाबी)*
**इरशाद ख़ान सिकंदर** *(उर्दू)*

### आदिवासी लेखक सम्मिलन : 8 जनवरी 2019, सायं 5.00 बजे, लेखक मंच, हाल सं. 12

अध्यक्षता : **हरिराम मीणा**

रचना-पाठ : **शांता नाइक** *(बंजारा)*
**वाहरू सोनवणे** *(भिलोरी)*
**विश्राम वलवी** *(भिलोरी)*
**बी. रामकोटी** *(गोरबोली)*

### बाल साहिती : 9 जनवरी 2019, अपराह्न 2.00 बजे, बाल मंडप

अध्यक्षता : **मधु पंत**

रचना-पाठ : **शकुंतला कालरा**
**राजेश जैन**
**श्याम सुशील**
**रजनीकांत शुक्ल**

### पूर्वोत्तरी : 9 जनवरी 2019, सायं 5.30 बजे, ऑथर्स कॉर्नर, हाल सं. 11

अध्यक्षता : **रफ़ीक़ मसूदी**

रचना-पाठ : **कमल कुमार तांती** *(असमिया)*
**माइजली रानी ब्रह्म** *(बोडो)*
**सेरिङ् छोरोल** *(लद्दाखी)*
**पी. लिङ्थोइंगांबी चानू** *(मणिपुरी)*
**जोराम यालाम नाबाम** *(न्यीशी)*

### परिचर्चा : पठन-पाठन की संस्कृति : 10 जनवरी 2019, सायं 4.00 बजे, ऑथर्स कॉर्नर, हाल सं. 11

अध्यक्षता : **बल्देव भाई शर्मा**

संवादी : **भगवंत रसूलपुरी**
**महेश भारद्वाज**
**रत्नेश्वर कुमार सिंह**
**अशोक कुमार**
**पंकज सुबीर**

### साहित्य मंच : बहुभाषी रचना-पाठ : 11 जनवरी 2019, सायं 5.00 बजे, लेखक मंच, हाल सं. 12

अध्यक्षता : **बलवीर माधोपुरी**

रचना-पाठ : **अमृता बेरा** *(बाङ्ला)*
**उमाशंकर चौधरी** *(हिंदी)*
**राकेश मिश्र** *(हिंदी)*
**हेइस्नुजम रंजीता** *(मणिपुरी)*
**मानस रंजन महापात्र** *(ओड़िया)*
**नंदलाल जोतवाणी** *(सिंधी)*

साहित्य अकादेमी की पुस्तकों के लिए प्रगति मैदान में
हाल सं. 8-11, स्टॉल सं. 88-93 एवं हाल सं. 12ए, स्टॉल सं. 122-123 का भी अवलोकन करें

उत्तरापेक्षी : 011-23386626 / 27 / 28
ईमेल : secretary@sahitya-akademi.gov.in
वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in
Live Webcast at : **http://goo.gl/Dt2fQV**